I Dr. Vidya Prakash Dutt] and I say, it is there where the real danger lies. Fortunately n° harm has been done and I hope this opportunity will be used by all those who are spreading this climate of fear, suspicion, intolerance and hatred in this country and legitimising violence to pause and consider and take steps to see that the country is not taken anymore alone this disastrous path.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think the whole House will join me in condemning this unfortunate devel-lopment and I will be expressing the sentiments of the House as well as mine in condemning not only this incident but the very psychology behind this kind of a thing because, if we are to take to violence as a means to solve our political problems I suppose there will be no democracy left in this country. Therefore, I would very strongly condemn this kind of a thing. After all we have a Parliament and we can discuss matters; we have an Opposition which is very articulate. Therefore, I do not see any reason why anybody should take to this kind of violence. I think the Government will take sufficient measures to see that the Prime Minister has proper security arrangements because it is only this incident. Even in future I think the Government should be very careful in protecting the life of not only the Prime Minister but other people also.

Now we go back to the discussion on the Budget. Mr. Lakshmana Gowda.

श्री गुणानन्द ठाकुर (बिहार) : परसों भी इसी तरह की घटना महिला सम्मेलन में हुई थी इसीलिए हमारा कहना है कि प्रधान मंत्री की सुरक्षा के लिए उचित प्रबन्ध होना ही चाहिए ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. Yes, Mr. Lakshmana Gowda.

THE BUDGET (GENERAL) 1975-76—
***General Discussion*—Contd.**

SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA: Mr. Deputy Chairman. Sir, before beginning my speech on the Budget I would like to associate myself with the other gentlemen, without hoarding any speculation, in condemning the incident which was referred to earlier. Everybody here, I am sure, will join with me that political violence is not the thing to be thought of and it is a very condemn-able one and I associate myself with the views expressed by my other friends on both sides of the House.

So far as the Budget is concerned, as the Economic Survey has indicated, the year 1974-75 was a year of unprecedented economic strains in the history of Independent India. Again, Sir, if you look at the Economic Survey we find that the growth either in the Industrial or agricultural or export sector has not been a very encouraging one. Sir, the hon. Finance Minister while trying to frame the Budget had to consider the economic crisis faced by the country and he had to grapple with many conflicts and pulls in framing the Budget. I should like to say here, tc a considerable extent, he has made a commendable effort in order to see that some incentives will be provided both for industrial as well as agricultural growth which have been rather stagnant for years in this country. Sir, the problems of inflation, economic stagnation and mounting unemployment and almost a halt in the industrial and agricultural growth have been facing the country for the last several years and these have to be broken but I wonder whether the proper way to tackle these serious problems is to follow the same old path of increasing indirect taxation and budgetary deficit. If you look at the figures, we find the deficit of Rs. 126 crores which was estimated by the previous Finance Minister for the year 1974-75 has now revealed itself not to remain at Rs.126 crores but has actually risen to Rs. 625 crores. even though I admit that a substantial part of it is because of

food, fertiliser and oil imports which in any case had to be done and which may not add to the inflationary tendencies.

[The Vice-Chairman (Shri V. B. Raju) in the Chair]

One wonders whether the current overall deficit can be kept at Rs. 465 crores as estimated and reduced to Rs. 265 crores with the proposed massive taxation of Rs. 288 crores. Sir, the inflationary nature of this massive dose of taxation has to be very seriously viewed especially in view of the second does of impost with which Mr. Chavan had to come out in the middle of last year, which amounted to nearly Rs.100 crores. Again, the impost of the Finance Minister, Mr. Subramaniam, for resource raising on top of the previous one which gathered nearly Rs. 800 crores to Rs. 1000 crores by way of Central taxes—Railway taxes. Posts and Telegraphs levies—and also taking into consideration the many deficit budgets of the different States, I am sure, will result in back-breaking burden for the people. Sir, the impost on consumer items has added a further burden on the common man.

The only justification which I can see for the additional taxtion will be found in the hope of raising the Plan outlay by about 23 per cent, to Rs. 6000 crores and it is a welcome feature, particularly so when the outlay is substantially for agricultural and energy resources and I commend that effort of the hon. Finance Minister. Sir, we find that agriculture and the energy resources have been stagnating for a couple of years and the investmbent there has not ben a considerable one. So far as agriculture is concerned, I would like to associate myself with the views expressed by my honourable friend Mr. Patil who has gone into details of the position with regard to agricultural. In a country which has more than 70 per cent of the people living in rural areas, the effort that has been made all these years is not **a** commendable one, and if ycru compare it with the development in the urban areas, it has been rather **a** very neglected one. Sir, even with regard to the organised sector, in wages and other amenities, there is always agitation and they will be in a position to get relief—and we always find that the demand is for linking the wages to the rising cost of living. But what happens in the case of the agriculturist? As a man living in a rural area, he has no hope. Whatever be the rising cost of living, he has to eke out a living with whatever he can produce out of the paltry piece of land that is available to him. I am nc>t against the ceiling on land holdings or new land reforms which have been brought in, but my contention in this House has always been that the ceilings have been very uneconomic. When such uneconomic holdings are there, whatever facilities and inputs are made available—even though they are made available at such enormous cost—the result is rather a disappointing one.

It is not a question of two-acre or three-acre holding man getting the resources for his own needs. One has to look in terms of the agriculturist producing something not only to **cover** his own needs but also to create surplus which will be needed for the consuming public. If these uneconomic holdings ar$_e$ there. I really wonder when we would be in a position to meet the food requirements in this country.

Sir, Mr. Subramaniam in some of the earlier days was thinking in terms of plantation type of agriculture; I do not know what his views are now. I feel that the tenant farmers should become owners of the land, but at the same time, their holdings should be economic. I do not mean to sa$_y$ that they should have 100-acre holdings which they will not be in a position to cultivate but it must be an economic holding of 30-40 acres. Without that the surplus **which Is** necessary will be difficult to

[Shri U. K. Lakshmana Gowda]

get and I am very very doubtful whether the agricultural production about which my friend Mr. Mohan Dharia as Planning Minister used to say that they are going to produce 140 million tonnes of foodgrain and also provide rural employment, could be achieved with this sort of outlook. I would plead that some changes in outlook so far as mechanised agricul-true is concerned and a little larger holdings so that they can provide sufficient surplus for the consuming public of agricultural produce, should be taken into serious consideration.

Sir, one other matter I should like to mention. I certainly appreciate the effort the hon'ble Minister has made in the budget to provide tax holidays and other reliefs for priority industries like fertilizers and pesticides, but at the same time I would request him to look into the price structure of fertilizers. I do realise that the price of fertilizers tnroughout the world has gone up, but compared to the prices here an element of subsidy should have been made available. Otherwise, we cannot now get any normal mixture of fertilizers for less than Rs. 1500 a tonne, and we can understand the effect of this on agriculture and commercial crops in times to come. So far as the industrial growth and strategy is concerned, I certainly commend his effort in order to see that there is higher utilisation of the existing capacity and his efforts for encouraging new investments. He has made certain concessions in the case of corporate and other sectors which is commendable. Sir, one of them is with regard to the dividend freeze which had been earlier imposed. I will give you an example. Prior to these suggestions, even small companies with 10 lakhc of investment, and paving 10 per cent dividend. With the second restriction nn dividends which limited it to 33-113 per cent of the profits, could not even eive 3 ner cent dividend to share holders. How can we think of investments coming from anywhere when a small investor cannot even hope of getting 3 per cent income on his investment? Though this effort to relax the dividend squeeze and the surplus being held over for two years is commendable, I hope Mr. Subramaniam will consider removing that 33-113 per cent restriction which is also there. I do not know how the actual working of the present relaxation will be and I do hope that it will be removed otherwise it will not help because the very low dividend one is able to get that is held $_0$ver for a period of two years, it is no incentive at all.

So far as the exports effort is concerned, I find that the Finance Minister has not provided any incentive. With the balance of trade position being what it is, it is necessary that more incentives should be given for the export promotion. We find that even in the traditional items of exports like tea, coffee or jute, the trend has been quite a declining one and only recently it has shown some improvement. So far as non-traditional items like pelletised iron ore, textile goods, chemicals, engineering goods and others are concerned, more effort is necessary and I wish he would have provided some incentive there rather than leaving it only at the stage of tax relief with regard to dividend and also providing certain incentives for say, intercorporate investments, I do welcome the proposal for relaxing or rather giving exemption from wealth tax on investments in the priority sectors. I also welcome the relaxation which has been provided for refund on insurance and rebates on insurance and provident fund ac-cumulations and gratuity funds, etc. This will go to a great extent to help the salaried persons and also the small tax payer. At the same time, Sir, with the value of the rupee going down to this extent, I would have appreciated if he had relaxed the minimum from Rs. 6,000 to at least Rs. 12000 for the purpose of income tax because in these days, the amount of Rs 12,000 is

hardly one which we consider as too high a figure. Even previously, in many of the recommendations with regard to taxation, of the Wanchoo Committee or Boothalingam Committee, a suggestion was made for raising the minimum and I am sorry that it has not been given effect to.

Sir, so far as the experiment in terms of having 1 per cent *ad valorem* excise duty on many manufactured goods of the ealabiishments employing more than 49 persons, is concerned, this is after all an experiment but this has to be looked into very carefully because this 'might go on the lines of multiple sales-tax which was levied in the past. I would like to appeal to him that something must be done to streamline the sales-tax on various commodities. This multipoint sales-tax from State to State and such inputs will create a lot of difficulties and they will result in increasing the consumer prices whatever other efforts are made in holding price line. Sir, so far 03 this particular 1 per cent duty is concerned, I am told, an exemption has been provided for food articles. Now there are certain items like cashew, instant coffee and instant tea, the prices of which are already high and if exemption is not provided for them also as food articles, I am sure the costs will go much higher and it will affect our exports in these items which are now mainly meant for export to other countries and they may result in losing their competitive character in the export market.

Then, Sir, I would like to add a word about commercial crops. The commercial crops particularly about which I speak *i.e.,* the plantation crops, have been under great strain all these years, even though they have shown an increasing tendency in regard to price. Regarding tea, Mr. Subramaniam in his speech has said that in the past five years the excise duty on tea has not been raised and that is why he is proposing to do that. The argument is that if you make them costly in

home market more tea will be available for export. My point is that if we are to meet a competitive market, it is not only by releasing additional quantities here. At the same time we should make the product competitive in the export market. For that the cost of production will have to be low. If you take coffee, you will find that the international price has steeply come down during the past three or four weeks and our coffee is proving more expensive and less competitive in the international market. I would plead that for the inputs used for these commercial crops, which are export-oriented, subsidy should be available, so that we will be in a position to produce goods in a competitive way to be able to compete in the international market.

I am glad that the Finance Minister has asserted that the spreading of indirect taxation to this extent is not completely anti-inflationary. He has accepted this fact and he is hoping that the increase in agricultural and industrial growth expected this year will ease the situation. It has to be seen how it is going to work in practice. With these words, I conclude.

श्री गुणानन्द ठाकुर (बिहार) : उप-सभाध्यक्ष जी, आज जब हम देश की आर्थिक स्थिति और खासकर 1975–76 के बजट पर गम्भीरता पूर्वक बहस कर रहे हैं, तो वैसी स्थिति में, जो सदन को यह सूचना मिली, वह भी आपके द्वारा कि देश की तथा सदन की नेता प्रधान मंत्री के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट में किसी जुर्मीने या किसी मदान्त व्यक्ति ने या यह कह सकते हैं कि कोई व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर, कहीं से प्रेरित होकर देश के प्रजातंत्र पर और प्रजातंत्र के प्रहरी तथा हमारे नेता प्रधान मंत्री की हत्या करने का जो असफल प्रयास किया गया, उसकी वजह से आज हम सब लोगों का तथा सारे देश का सिर शर्म से नीचे हो गया है । इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी का कथन इस मामले में सही साबित

[श्री गुणानन्द ठाकुर]

हुआ है जो उन्होंने पिछले बार इस सम्बन्ध में यह कहा था कि कुछ ऐसा एटमासफियर तैयार किया जा रहा है जिसमें कुछ लोग यह कहेंगे और प्रचार करेंगे मुझे मारने के बाद कि मैंने स्वयं आत्म-हत्या कर ली। यह कितनी लज्जा और शर्म की बात है कि दो-तीन दिन पहले जब प्रधान मन्त्री महिला सम्मेलन का उद्घाटन करने गई थीं तो वहां भी ऐसा एक युवक पकड़ा गया जो पर्दे की आड़ में था। उसके पास क्या था यह सिक्योरिटी वाले ही बतायेंगे। लगता है कि प्रजातन्त्र के खिलाफ एक सुनियोजित ढंग से षड्यंत्र चल रहा है। पहले भी ऐसा हुआ है, जब ये प्रवृत्तियां घबरा चुकी थीं, टूट चुकी थीं, उसके पास कोई साधन नहीं रहा तो उन्होंने गांधी जी की हत्या कर दी। इस तरह की घटना बिहार में भी घटी। माननीय ललितनारायण मिश्र जी के साथ वैसी घटना घटी। ये वे तत्व हैं जो जन-तन्त्र में आस्था नहीं रखते और हिंसा को भड़काना चाहते हैं। नवादा से जब गाड़ी जा रही थी, जिस गाड़ी से जयप्रकाश जाने वाले थे उसमें बम मिला। आज एक ऐसा एटमास-फियर तैयार हो रहा है उससे भले ही फ्रस्टेशन का एटमासफियर कहिए, जिससे प्रजातन्त्र को बड़ा आघात होने वाला है। मेरा यह निश्चित विश्वास है कि अगर इंदिरा गांधी नहीं तो इस देश का प्रजातन्त्र नहीं। प्रजातन्त्र की जिस मजबूती के साथ उन्होंने हिफाजत की है उसका साक्षी इतिहास रहेगा। मैं इन बातों की चर्चा नहीं करना चाहता था, बजट पर बोलना चाहता था लेकिन देश की जो प्रधान मन्त्री न्यायालय की मर्यादा रखते हुए कोर्ट में सफाई देने के लिए विरोधी उम्मीदवार के खिलाफ जिसे 50-60 हजार वोट भी नहीं मिले और उसके खिलाफ वे लाखों वोट से जीतीं, जब जनता ने उन्हें इतनी उमंग से उत्साह, से वोट दिया हो उनके साथ इस तरह का व्यवहार हो इससे बड़ी लज्जा से की बात क्या हो सकती है। उपसभापति जी, आपके माध्यम से मैं पुनः मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री की सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आइंदा कोई इस तरह की घटना न सदन को और न देश को सुनने का मौका आए। भगवान् उनको दीर्घायु करे यही मैं कहना चाहता हूं।

हमारी नेता के नेतृत्व में वित्त मन्त्री, श्री सुब्रह्मण्यम साहब ने ऐसा बजट पेश किया जिसके लिए हम क्या, क्या देश की जनता भी उन्हें धन्यवाद देगी। सब ने कहा कि इस साल का बजट चुनाव के लिए पेश किया गया है। चुनाव के लिए बज पेश किया तो बजट तो अच्छा है, तुमको तो आलोचना करने का मौका नहीं मिला। 71-72 में 768 करोड़ का घाटा था, 72-73 में 852 करोड़ का घाटा था, 73-74 में 790 करोड़ का घाटा था, 74 र 75 में 625 करोड़ का घाटा था औ 75-76 में केवल 225 करोड़ का ही घाटा है और यह भी उस स्थिति में है जब 1974 का साल सबसे खतरनाक साल रहा है, चाहे आंदोलन के दृष्टिकोण से देखिए या दूसरे दृष्टिकोण से देखिए। जो भी शक्तियां बैठी हुई थीं, सारी बातें छोड़ चुकी थीं वे सब जुट गई, चाहे रेलवे की हड़ताल हो, पावर की शार्टेज हो, कारखानों में हड़ताल हो, चाहे जूट के कारखानों में हड़ताल हो, चाहे गुजरात का आंदोलन हो, चाहे बिहार का आंदोलन हो, तमिलनाडु का आंदोलन हो और सारा देश धू-धू जलने लगा, ला एण्ड आर्डर का प्राबलम हो गया और एक प्रश्न-वाचक चिह्न सामने खड़ा हो गया कि क्या इस देश का प्रजातन्त्र स्थिर रहेगा या टूट जायेगा। जहां विधान सभायें भंग करने की मांग चलने लगी थी और कई जगहों पर वह भंग हो गयी थीं, जहां हिंसा का वातावरण तैयार हो गया था और चारो तरफ हड़तालें ही हड़तालें नजर आ रहीं थी, ऐसी विशम परि-स्थिति में जब तेल की कमी हो गयी थी, जब वेस्ट ऐशिया में तनाव आ गया हो, ऐसी स्थिति में हमारे वित्त मंत्री जी ने जो सेविंग कम इंवेस्टमेंट बजट पेश किया है, ऐसा कर के

उन्होंने देश में एक प्रकार से एक स्थिरता का वातावरण दिया है और उस के कारण हर तबके और हर सर्किल में यह विश्वास जमा है कि अब प्राइसेज और आगे नहीं बढ़ेगीं और जो देश की सब से बड़ी समस्या है मुद्रा स्फीति उस के लिए उन्होंने उत्पादन बढ़ाने और मूल्य वृद्धि रोकने के उपाय दिये है। यही उस का हल है। हमारे वित्त मंत्री जी ने इस बजट को इस ढंग से पेश किया है कि जिस से देश में उत्पादन बढ़ाने के लिए लोगों को इंसेटिव मिला है और उसके कारण इंफ्लेशन कम हो रहा है। मैं इस का उदाहरण देना चाहता हूं। कहा गया है कि मार्निंग शोज दि डे। जब कोई अच्छी चीज होने वाली होती है तो उस की भूमिका पहले ही तैयार हो जाती है।

"The indices during the last few months have shown a welcome fall. The all India index number of wholesale prices fell from 328 in September to 324.8 in October, 320.1 in November and 316.8 in December."

तो यह जो एक स्थिति आ गयी थी, एक भावना फैल गयी थी कि यह प्राइस राइज पता नहीं कहां तक जाएगा उस के लिए लोगों में एक विश्वास जमा कि अब यह और आगे नहीं बढ़ सकता है और इस को अब पीछे हटाना है। इस एतिहासिक और शानदार स्थिति लाने के लिए हमारे वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र हैं।

अब मैं कहना चाहता हूं कि आज जो सब से बड़ी समस्या इस देश की रही है और जिस के सम्बन्ध में हम सब सभी कहते आये है लेकिन जिस से दूर भी रहते आये है उस की नब्ज को हमारे वित्त मंत्री जी ने पकड़ा है। हिन्दुस्तान गावों में बसता है। यहां साढ़े पांच लाख गांव है और 85 फीसदी आबादी गांवों में रहती है और इस देश में लगभग 75 परसेंट लोग खेती पर निर्भर करते हैं। तो जिस देश का मूलस्त्रोत आय का कृषि हो उस में अगर विदेश से सरकार को अनाज मंगाना पड़े और कृषि की उपेक्षा हो तो मैं समझता हूं कि उस की उपेक्षा कर के हम अपने बुनियादी उसूल से कहीं पीछे जा रहे हैं। हम अपने आधार को छोड़ कर किसी दूसरी और जा रहे हैं। हमारे वित्त मंत्री जी ने इस नब्ज को पकड़ा है। 1974–75 में कृषि पर 194 करोंड़ रूपया खर्च हुआ था, हमारे वित्त मंत्री जी ने 1975–76 में उस को बढ़ा कर 270 करोंड़ रूपया कर दिया और सब से बड़ी बात यह है कि उन्होंने जो कृषि के सम्बन्ध यह किया है कि यह 270 करोंड़ रूपया हर महकमे पर किस प्रकार से खर्च किया जाएगा इस का ब्यौरा दिया है। उन्होंने लिखा है कि :

"The allocations include Rs. 50 crores for the Agricultural Refinance Corporation, Rs. 25 crores for drought prone areas programme, Rs. 22 crores to small farmers and marginal farmers development, Rs. 16 crores for command area development, Rs. 23 crores for agricultural research an^ education. . ."

इस प्रकार कृषि की ओर जो उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है, कृषि की ओर देश का ध्यान खींचा है यह एक बड़ी सफलता की बात है और इस लिए मैं कहूंगा कि केवल कृषि की ओर ध्यान खींचने से ही काम चलने वाला नहीं है, जब तक इस मुल्क में लैंड टु दि टिलर, जमीन जमीन जोतने वाले को नहीं मिलेगी और जमीन को पानी नहीं मिलेगा तब तक कुछ नहीं होगा। यह दो काम आप कीजिए और आप का देश स्वावलंबी हो जाएगा। हर विधान सभा कानून बनाती है, लेकिन लैण्ड का मामला स्टेट का मामला है और स्टेट गवर्नमेंट हर जगह एक से एक प्रोग्रसिव लेण्ड सीलिंग एक्ट बना लिये, लेकिन मैं कहूंगा दावे के साथ कि अधिकांश जगहों में लैण्ड सीलिंग इम्प्लीमेंट नहीं हुई। जब तक भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जमीन जोतने वालों को नहीं मिलेगी, जमीन की सिचाई की व्यवस्था नहीं होगी तब तक मैं कहूंगा कि जो इस देश का विकास होना चाहिये और देश को खाने के मामले में

[श्री गुणानन्द ठाकुर]

स्वावलम्बी होना चाहिये यह होना असम्भव है। इसलिये मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इस ओर और अधिक ध्यान उनको देना चाहिये। प्रधान मंत्री ने इस नाम पर इस मुल्क में वोट लिये थे, 1971 में कहा था कि हम गरीबी हटायेंगे, लोग आज हमें हटाना चाहते हैं। जनता ने कहा हम आपको रखेंगे और हम गरीबी हटायेंगे। तो गरीबी को हटाना है तो वह कैसे हटेगी? उसको हटाने के लिये जब तक इस मुल्क के साढ़े पांच लाख गांव में रहने वाले 80 फीसदी लोगों को, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत लैण्डलेस लेबरर हैं, उनको जब तक जमीन आप नहीं देंगे, जमीन की मिल्कियत नहीं देंगे, उनको हक नहीं देंगे, तब तक जमीन से प्रोडक्शन नहीं बढ़ेगा।

फर्टिलाइजर की बात कही जाती है। मैं कहता हूं कि फर्टिलाइजर पर आप जो खर्च करते ने उसे कम कीजिये। उस पर कम करके इरिगेशन पर लगाइये। यहां की जमीन उपजाऊ है। मान लीजिये आपने फर्टिलाइजर की व्यवस्था की और पानी की व्यवस्था नहीं की तो फर्टिलाइजर भी बेकार चला जायेगा। इसलिये जमीन को पहले पानी दीजिये, उसके बाद फर्टिलाइजर का इन्तजाम कीजिये। फर्टिलाइजर पर फारेन एक्सचेंज खर्च करने से ज्यादा उपयोगी मैं समझता हूं कि आपको सिंचाई का प्रबन्ध करना चाहिये। इसलिये सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि आज सिंचाई की क्या स्थिति है? मैं आपसे कहूं कि बड़ी बड़ी योजनायें बनीं—चाहे नागार्जुन सागर हो, चाहे तुंगभद्रा हो, चाहे भाखड़ा नांगल हो, कोसी योजना हो, गंडक हो, रिहन्द बांध हो, बड़ी बड़ी योजनायें बनीं—लेकिन उन पर हमारा कितना खर्च हुआ और हमको उससे नेशनल इनकम कितनी बढ़ी और कितनी आमदनी हुई, इस पर हमने ध्यान नहीं दिया। मैं भारत नेपाल की सीमा के इलाके से आता हूं और उत्तर बिहार से आता हूं। वह बिहार सभापति जी, ऐसा है जहां खानों का भंडार है,। लेकिन वांन पर कैपिटा इनकम सबसे कम है। अब बिहार में सबसे कम खर्च इलेक्ट्रिसिटी का है, आज बिहार में सबसे कम इम्प्लाईमेंट पोटेंशिएलिटीज है। वहां बहुत बड़ी कोयला खानें हैं जो हाल में मिली हैं। आज उत्तर बिहार की स्थिति क्या है? आज बिजली का कंजम्प्शन देश में दो सौ यूनिट्स है तो बिहार में 70 यूनिट्स और उत्तर बिहार में 10 यूनिट्स थे। जहां दूसरे इलाकों में 26 परसेंट इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ है, बिहार में 11 परसेंट हुआ है और नार्थ बिहार में कुल 9 परसेंट हुआ है। तो आप समझ लीजिये। वहां की सरकार मांग करती रही है कि थर्मल पावर स्टेशन हमको दीजिये, अटामिक पावर स्टेशन हमको दीजिये नार्थ बिहार में अभी तक नहीं मिल सका।

दूसरी बात यह है कि उत्तर बिहार में नदियों को आप ठीक से कंट्रोल नहीं कर पाये ने। जहां किये है वहां भी पोटेंशिएलिटी नहीं आयी है। इसलिये उत्तर बिहार में बिजली और उद्योग की व्यवस्था कीजिये और खास कर कोसी और गंडक के बीच में जो लाखों विस्थापित हैं उनके पुनर्वास की व्यवस्था कीजिये।

उसकी स्थिति आज इतनी नाजुक रही है कि आप समझिये जैसा आपको मालूम है कि पूर्वी बंगाल से या दूसरी जगहों से शरणार्थी आये उनकी स्थिति रही है उससे भी बदतर स्थिति आज इनकी है।

मैं कहना चाहूंगा कि आज जो समस्यायें देश के सामने आयी हुई हैं, यहां कोई विरोधी दल का बैठा हो या नहीं मैं किसको समझाऊं, वे लोग तो कहने के लिये आते हैं और चले जाते हैं वे कहते थे कि यह नहीं हुआ वह न हुआ और समय पर बैठते नहीं लेकिन फिर भी मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इन समस्याओं में सेन्ट्रल गवर्नमेंट इम्प्लाईज की भी समस्या है। आपने गवर्नमेंट इम्प्लाईज

के बारे में अपने भाषण में भी कहा है। मेरा कहना है कि डी० ए० के मामले में और दूसरे मामलों में आपको गवर्नमेंट इम्प्लाईज से बातचीत करनी चाहिये ताकि आपकी ओर से, सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारी असन्तुष्ट न हों। उनको यह फीलिंग न हो कि सरकार हमारे प्रति हमदर्दी नहीं रखती, हमें अपना बच्चा नहीं समझती, हमें अपना सेवक, अपना सहयोगी नहीं समझती। जब तक आप उनसे यह सहानुभूति नहीं प्राप्त कर लेंगे तब तक आपका जो बजट है जो भी आपके कार्यक्रम थे वे ठीक से इम्प्लीमेंट नहीं होंगे। इसलिये सेन्ट्रल गवर्नमेंट इम्प्लाईज से सहानुभूति प्राप्त कीजिये और उनसे बातचीत कीजिये। बातचीत करके जो उनकी मांगें थीं उन मांगों में से उचित मांगों को पूरा करने की तुरन्त व्यवस्था कीजिये। इन शब्दों के साथ मैं पुनः आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अन्त में एक बात और कहना चाहता हूं . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० वी० राजू) : आपने धन्यवाद कर दिया बैठ जाएये।

श्री गुणानन्द ठाकुर: सिर्फ एक बात कह कर बैठ जाता हूं यह मेरे क्षेत्र की है। हमारे पटना में बैंक आफ इंडिया के कर्मचारी भूख हड़ताल पर हैं। इस बारे में हमने वित्त मंत्री जी का ध्यान भी दिलाया था। दिल्ली डवलपमेंट आथारिटी के हमारे यहां के कई कर्मचारी जिसमें श्री ओ० पी० वर्मा जो आई० एन० टी० यू० सी० के प्रेजीडेंट भी हैं वे भी अनशन पर बैठे हुये हैं। वे मजदूर नेता हैं। पांच रोज, सात रोज हो गये हैं लेकिन उधर अब तक ध्यान नहीं गया है। मैं चाहूंगा वित्त मंत्री जी और सरकार इस ओर तुरन्त ध्यान दें और इन कर्मचारियों की समस्यायों को हल करने की तुरन्त व्यवस्था करें। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा): सभाध्यक्ष जी, इससे पहले कि बीट के ऊपर कुछ कहूं जैसा अभी गुणा नन्द ठाकुर जी ने कहा कि हमारे देश के अन्दर इस साल में खास तौर से राजनीतिक और आर्थिक सवालों को पेचीदा करने की कोशिश की गई है और उसकी ऐसी ही हालत पैदा करने की कोशिश की गई जैसे कि जिस साल देश आजाद हुआ और पंजाब और बंगाल से लोग बेघर होकर आये और बेघर होकर गये। उस वक्त जैसा वायु मण्डल बनाया गया था उसी ढंग का वायु मण्डल बनाने की कोशिश की गई।

विरोधी तत्वों की ओर से कहा जाता है कि हमारे देश की प्रधान मंत्री अधिनायक बनना चाहती हैं। हमारे देश की प्रधान मंत्री प्रजातंत्र में विश्वास रखती हैं और यह इस बात से पता लगता है कि 1969 में उनके प्रधान मंत्री बनने के बाद जब कांग्रेस पार्टी के अन्दर अकलियत में थी वह कुछ दोस्ती के कारण मैन्योरिटी में चली गयीं। उनकी तादाद कम हो गई। अगर अधिनायकवाद बनने की बात होती तो अधिनायक बनने की उनकी ख्वाहिश होती तो व चुनाव न कराती मैं समझता हूं उस वक्त कोई भी देश के अन्दर ऐसी पार्टी नहीं थी जो बहुमत में हो और राज चला सके लेकिन प्रधान मंत्री जी ने प्रजातंत्र को कायम ही नहीं रखा बल्कि कभी बहस में या सदन की बैठक में कोई कमी न आये इसका भी ख्याल रखा। जो सदन की बैठक का सिलसिला जारी रखा था जब कि कांग्रेस बहुमत में थी उसी को कायम रखा। जो मैन्योरिटी के वक्त में अधिनायक नहीं बनी उन्हीं के बारे में आज ये कह रहे हैं कि वे अधिनायक बनना चाहती हैं। जो भाई कहते थे कि वे अधिनायक बनना चाहती हैं उनकी उदारता का परिचय मैंने आपको दिया। मुझे मालूम है इलेक्शन पैटिशन बहुत सारे मुख्यमंत्रियों के खिलाफ

6P.M. हुये और जब उन्होंने सहादत के लिए मैं आवेदन-पत्र दिया कि कोई कमीशन सहादत के लिए कायम कर दिया जाय तो इस प्रकार के कमीशन कायम किये गये और इन कमीशनों ने मुख्य मंत्रियों की सहादत ली। प्रधान मंत्री

[श्री रणवीर सिंह]

ने मुख्य मंत्रियों की सहायता ली प्रधान मंत्री जी के हाथ में इस देश का सारा कारोबार है। इस सदन में और उस सदन में वे बहुत भारी बहुमत में हैं। लेकिन इसके बावजूद भी उनके प्रार्थना-पत्र को न्यायमूर्ति ने मंजूर नहीं किया गया। एक तरफ तो इस प्रकार की स्थिति है और दूसरी तरफ हमारे विरोधी दल के कुछ भाई अखबार-नवीस बन कर प्रधान मंत्री जी के ऊपर हमला करना चाहते हैं। आज आपने देखा होगा कि जब आपने इस सम्बन्ध में एक प्रश्न उठाया तो विरोधी दल के सदस्य की तरफ से उसका उपहास करने की कोशिश की गई। यह हमारे देश की स्थिति का निचोड़ है। इस निचोड़ से इस देश के अन्दर कितनी मुश्किलें लाई गई हैं यह तो मैं बाद में आंकड़े देकर बताऊंगा, लेकिन एक बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भले ही हम 1948 को भूल जायें, लेकिन हम इस 1975 को कभी नहीं भूल सकते। इसका कारण यह है कि 1948 की घटना को हुए 25 साल हो गये हैं और इन 26-27 सालों के अन्दर हम उस घटना को भूल सकते हैं। लेकिन सन् 1974 और 1975 के वर्षों को हम कैसे भूल सकते हैं। इस 1975 के वर्ष के अन्दर एक माननीय मंत्री जिन्होंने इस देश के अन्दर रेल का पहिया जाम न होने पाये, इसके लिये प्रयत्न किया, उसकी हत्या कर दी गई। चाहे हमारे विरोधी दलों में सी० पी० एम० या सी० पी० आई० के सदस्य हों, और दूसरे विरोधी दलों की तरफ से रेल का पहिया जाम करने की कोशिश की गई ताकि भूख लोगों के पास अनाज न पहुंच सके, जवानों के पास देश की रक्षा के लिये हथियार न पहुंच सकें, लड़ाई का सामान न पहुंच सके। ये लोग देश में दरहम-बरहम करना चाहते थे। श्री ललित नारायण मिश्र ने देश के इन्तजाम को, निज़ाम को दरहम-बरहम होने से बचाया। लेकिन उनको बम फेंक कर मार दिया गया। आज इस देश के अन्दर इस प्रकार की कोशिश की जा रही है कि इस देश में जितनी भी बुराइयां हैं वे सब प्रधान मंत्री जी ने पैदा की हैं। इस किस्म का वायु-मंडल इस देश के अन्दर पैदा करने की कोशिश की जा रही है। ऐसा मालूम पड़ता है कि इस प्रकार का वातावरण पैदा करने वाले जितने भी लोग हैं वे कुर्सी के भूखे हैं और चूंकि प्रजातन्त्र के अन्दर कुर्सी हासिल करने का जो तरीका है उस तरीके से वे कुर्सी हासिल नहीं कर सके, इसलिये ये तमाम विरोधी दल आज प्रजातन्त्र को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश के अदन्र जो प्रजातन्त्र को कायम किये हुए हैं उनको कहते हैं कि व अधिनायक बनना चाहते हैं। मैं मानता हूं कि शायद ही दुनिया में कोई ऐसा मुल्क हो जहां पर किसी लीडर ने इस प्रकार की परिस्थितियों में प्रजातंत्र को कायम रखा हो। लेकिन हमारे देश में हालत यह है कि ऐसे नेता के प्रति जनता में आस्था पैदा करने की बजाय अविश्वास पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में वे ही लोग हैं जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जब इस देश में एक रास्ता दिखाया, दो सौ साल की गुलामी खत्म की तो उस गुलामी के खत्म होने के बाद छः सात महीने के अन्दर ही उनकी हत्या कर दी गई। आज भी इस देश में यही कोशिश हो रही है। आज के आड़े वक्त में जब कि इस देश को ऊंचा उठाने की जरूरत है, इस देश की अर्थ-व्यवस्था को ठीक रखा है, इस देश के अन्दर राजनैतिक आजादी को कायम रखा है, इस देश का दुनिया के अन्दर नाम ऊंचा किया। कुछ तत्वों की यह कोशिश है कि यहां पर नेताओं की हत्या की जाय। जब यहां पर इन बातों का जिक्र किया जाता है तो बजाये इसके कि ऐसे मामलों पर गम्भीरता से सोचा जाय, कुछ ऐसे भी सदस्य हैं जो इसका उपहास करते हैं। मैं मानता हूं कि यह देश प्रजातन्त्र में विश्वास रखते हुए तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

उप-सभाध्यक्ष जी, आज इस बजट पर बहस करते हुए, चाहे वे सी० पी० आई० के

सदस्य थे चाहे वे सी० पी० आई० (एम) के सदस्य थे या दूसरे विरोधी दल के सदस्य थे, उन्हें कोई बात ऐसी नहीं मिली जिसकी वे सराहना करते । बजट या देश की आर्थिक तरक्की किसी एक आदमी से बंधी हुई नहीं है, किसी एक पार्टी से भी बंधी हुई नहीं है; यह तो देश की तरक्की है । सारे देश को गौरव होना चाहिए । लेकिन उनको गौरव करने के लिए कोई चीज इसमें नहीं मिली । मैं आपकी मार्फत उन भाइयों का ध्यान यह जो बजट पेश हुआ उसके आंकड़ों के बारे में ध्यान दिलाना चाहूंगा ।

The plan allocation has been increase by 846 crores for the plan for 1975-76. in comparison to 74-75 Mr. Vice-Chairman, Sir, you are well aware that the size of the First Five Year Plan, when it was drafted, was only 1800 crores while the size of the annual plan for 1975-76 is 3612 crores which is more than double. But they do not see any improvement in this country. Net that, the size of the Second Five Year Plan was 4800 crores. Now, our one-year plan is about two-thirds of the Second Five Year Plan and double that of the First Five Year Plan. They do not see any improvement in the economy or the development of this country. Sir, I will like to draw the attention of the House to the publication regarding National Accounts Statistics circulated to us in February. You will find from this that at 1960-61 prices taking into account the gross domestic production at the factory cost of industries the total national income of the country in 1951 was only 9591 crores. The same has been increased in 1972-73 to the extent of over 19,322 crores. According to 60-61 prices. I am surprised to note that the Finance Minister said in paragraph 21 of his speech, Sir I quote:

> "Our ability to meet the minimum basic needs of our people depends crucially on the trend in agricultural production. It is in this light that I regard the claims of agricultural growth as the first charge on our developmental resources."

Sir, nobody in this country will differ from this theme. While mentioning further, the Finance Minister says, 'thirdly'. I think, it should have been 'firstly'. He says further and I quote:

> "Thirdly programmes designed to ensure optimum utilisation of sur. face and ground water to aid agricultural production will be pushed through."

Here; I feel that whatever the Finance Minister has said in his speech, probably, it will not be implemented because he himself has given the third place to the optimum utilisation of surface and ground water for agricultural production. It should have been given the highest priority. He has given the first priority to good quality seeds which do not require much finances. Sir, you know very well that it requires a few crores of rupees. If h_e give$_s$ the first priority to the optimum utilisation of surface and ground water, then it requires thousands of crores rupees.

Mr. Vice-Chairman, Sir, there are many friends here who think that credit squeeze is the panacea for all the economic evils of the country. Sir, I humbly differ from them. It is not correct. They also feel that the economic malady of this country is only inflation. That too is not correct. You know very well, Sir, that no country has progressed in deflation. They have progressed only when there was inflation. There is no doubt about it. It is also correct that when inflation is there, salaried persons have to suffer.

AN. HON. MEMBER; How about Russia?

SHRI RANBIR SINGH; It is a different matter in Russia. They do not go by this paper currency. They do not worry about the paper curren-

[Shri Ranbir Singh] and whether it is printed more or printed less. They utilise their resources.

Sir, personally speaking, why there is a difficulty in the planning in our country is that we want to establish socialism. But we still carry on with the principles of mercantile economy. And that is the main difficulty.

Mr. Vice-Chairman, Sir, you know very well that transformers and power generators are lying in the governmental stores in this country. The State Electricity Boards want to purchase the transformers and power generators, they are not able to do so. I know about my own State. My State is going with the programme of construction of Panipat Thermal Plant. Our State Electricity Board was able to get an agreement with the Punjab National Bank, The Punjab National Bank has agreed to advance about Es. 8 or 12 crores for installation of thermal plants and for the completion of the thermal plants. But the Reserve Bank of India which is considered to be the bank of the nation and which guides the monetary destiny of this country advised the Punjab National Bank not to advance the loan. And it is under such circumstances that no only our State but the entire country has a shortage of power. We could not have power. We have to stop our industries. Sometimes we impose a hundred per cent cut on our industries in Haryana. Still, the Reserve Bank does not feel the necessity of advancing money to the Haryana State Electricity Board Mr. Vice-Chairman, Sir, I have to mention some other facts also. (Time bell *rings).* Sir, I will not like to take much time of the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): You are at the fagrend of the day.

SHRI RANBIR SINGH: Sir, I would like to say something about our wheat policy. The agriculturists have made this country self-supporting. I do not think they have committed any crime. They are not being given the price which they need..

हमारे देश के अन्दर किसानों ने कुछ वर्षों पहले गेहूं इतना पैदा किया था कि गेहूं कोई खरीद नहीं रहा था और सरकार को गेहूं की खरीद में इमदाद करनी पड़ी और मुझे याद है कि सी० डी० देशमुख जो उस समय वित्त मंत्री थे ने जब फार्मर्स फोरम बना तो उसमें कहा था कि किसान दो महीने गेहूं रख लें तो रुपयों की नहर बहा दूंगा और उससे किसान को उचित कीमत मिल सकेगी। उपसभाध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि पिछले साल गेहूं का भाव 105 रु० मुकर्रर हुआ। इस देश के किसी एक किसान ने भी 105 रुपये के भाव से अपना गेहूं नहीं बेचा, पिछले साल उसको 120–125 रुपये फी क्विंटल मिला। कई प्रदेशों के किसान तो ऐसे खुशनसीब हैं कि उनको 250–300 रुपये फी क्विंटल मिला। हरियाणा में किसान को 120–125 रुपए फी क्विंटल मिला जबकि दिल्ली में 250–300 रुपए क्विंटल तक गेहूं बिक गया। आज आपने देखा कि खाद की कीमत दुगुनी हुई, बिजली की कीमत दुगुनी हुई नहर का आबियाना बढ़ा, लेकिन फिर भी हम चाहते हैं कि 105रु० क्विंटल से ऊपर गेहूं न जाय। इस नीति से खेती की तरक्की नहीं हो सकती, यही मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं।

उप-सभाध्यक्ष जी, हम चाहते हैं कि बड़ी-बड़ी मिलों से जो चीनी बने वह विदेशों में जाय ताकि हम विदेशी मुद्रा हासिल कर सकें जिससे देश की तरक्की हो। उसका इन्तजाम कैसे होगा ? देश में कन्जम्शन के लिए चाहिए था कि हम खंडसारी की तरक्की करें। हमारे देश में खंडसारी की छोटी 60 हजार यूनिट्स हैं। उनके ऊपर पिछले साल जो टैक्स पड़ता था वह 10 रुपया फी क्विंटल के हिसाब से पड़ता था। इस साल के प्रपोजल के मुताबिक अब 49 रुपया फी क्विंटल टैक्स पड़ेगा। नतीजा यह है कि खंडसारी की

यूनिट बन्द हो रही हैं । खंडसारी यूनिट बन्द होती हैं तो जो चीनी बाहर जाने वाली है उसको लोग इस्तेमाल करने लगेंगे इससे चीनी की पैदावार भी कम होगी और विदेशी मुद्रा भी कम मिलेगी सिर्फ इसलिए कि 5–10 करोड़ रुपया खंडसारी से वित्त मंत्रालय हासिल कर सके । इससे देश की आर्थिक स्थिति नहीं सुधर सकती । हम कहते हैं कि खेती को बढ़ावा देना चाहते हैं । एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन है । उसके अन्दर जो लोग बैठ कर सलाह देते हैं वे तमाम तनखादार हैं । कितने तनखादार इतने ईमानदार हो सकते हैं जो महंगा अनाज खरीदें । वे तो सस्ता अनाज चाहेंगे, सस्ती कपास चाहेंगे, सस्ती चीनी खरीदना चाहेंगे वह एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन नहीं, सेलरीड परसेन्स का कमीशन है । एग्रीकल्चरल प्राइसेज का सही आयोग वह तभी हो सकता है जब वहां पर एग्रीकल्चरल इकोनोमिस्ट्स हों इकोनामिस्ट वैसे नहीं कि जो सस्ती चीज चाहते हों । लुधियाना एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ने जो अभी तखमीना भेजा है उसके लिए मेरा निवेदन है कि वह सरकारी यूनिवर्सिटी है और उसमें किसानों का कोई दखल नहीं है । वहां के विशेषज्ञों ने हिसाब लगाया हैं कि पंजाब में जो कास्ट प्राइस गेहूं पैदा करने के लिये किसान को पड़ती है वह 120 रुपया फी क्विंटल आती है । आप जानते हैं कि पंजाब और हरियाणा में जितने साधन हैं, जितने सुलभ हैं वह और कहीं नहीं हैं, बिजली के जितने पम्प वहा हैं उतने शायद मद्रास को छोड़ कर और किसी प्रान्त में नहीं हैं । तो दूसरे प्रदेशों में गेंहूं और अधिक महंगा ही पड़ेगा । लेकिन हम चाहते हैं कि पिछली बार जो पैसा किसान को मिला है उतना पैसा भी किसान को इस बार न मिले अगर यह नीति एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन तय करता है तो उसको हटा देना चाहिये । इस कमीशन में जिन को खेती का तजुर्बा हो उनको ही बैठना चाहिए । मैं समझता हूं कि नेशनल एग्रीकल्चर कमीशन की सलाह हमको माननी चाहिए और एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन की बात हमको नहीं माननी चाहिए । वह तनख्वाहदारों के हित में चलता है और देश के हित में चलने से इन्कार करता है और इसीलिये सरकार को उसकी सलाह नहीं माननी चाहिए और सरकार को ऐसा इन्तजाम करना चाहिए कि कपास की खरीद के लिए जितना रुपया भी चाहिए वह दिया जाय और कपास की खरीदारी हो । अगर रिजर्व बैंक इसके लिये पैसा नहीं देता तो यह खेती की तरक्की की या पैदावार बढ़ाने की कोई नीति नहीं है । इस नीति से तो खेती की पैदावार घटेगी । तो मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे इस सम्बन्ध में विचार करें । मैं मंत्री जी का शुक्रिया अदा करता हूं कि कम से कम उन्होंने अच्छी बात कही, लेकिन उस बात को कार्य रूप देने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि खेत की पैदावार की कीमत किसान को पूरी मिले और उस पैदावार की खरीद के लिये जितना रुपया भी चाहिए वह दिया जाय । आज 104 सरकारी मिलें हैं खादी संस्थाएं हैं उनके लिए कपास खरीदने के लिए पैसा चाहिए । अगर रिजर्व बैंक उनको कपास खरीदने के लिए पैसा नहीं देना चाहता तो यह पैसा काहे के लिये रखना चाहता है ? क्या इसके लिए कि साहूकार और सेठ लोग सस्ती कपास खरीदें और उससे बाद में मुनाफा कमाये ? जो लोग ऐसी सलाह रिजर्व बैंकों को देते हैं उनकी उस सलाह को नहीं माना जाना चाहिए । अगर आप देश में खेती की पैदावार बढ़ाना चाहते हैं तो जितनी पैदावार हो उसको खरीदने के लिए आप तैयार रहें और उसके लिए आप पैसा दें चाहे उसका खरीदार काटन कारपोरेशन हो या कोआपरेटिव सोसाइटीज हों या जैसा जिस स्टेट में सिस्टम हो उसके मुताबिक उसको पैसा दें । लेकिन किसान को खेती की पैदावार के लिये जितनी आवश्यकता हो उतना पैसा आप उसको दें तभी देश में खेती की पैदावार

[श्री रणवीर सिंह]

बढ़ेगी और तभी देश का आर्थिक ढांचा सही बन सकेगा ।

श्री भइया राम मुण्डा (बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, यह माननीय वित्त मंत्री जी ने 1975–76 साल का जो बजट इस सदन में और उस सदन में प्रस्तुत किया है उस पर हम यहां चर्चा कर रहे हैं और अभी तक कई माननीय सदस्यों ने चर्चा करके अपने-अपने विचार उस पर प्रकट किये हैं और देश की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है । जैसा कि इस बजट को देखने से पता चलता है और वित्त मंत्री जी का भाषण जो छापा गया है उसको देखने से पता चलता है कि यह बजट एक बहुत महान बजट है और जैसा हमारा देश महान है, यहां के सभी लोग महान हैं वैसे ही बजट महान है और जैसा देश है वैसा ही यह बजट बनाया गया है । और इसमें करोड़ों रुपये खर्च करने की बात है और कई नये नये विकास के काम करने की बात है । जो काम हो रहे हैं, जो काम अधूरे पड़े हुए हैं उन को पूरा करने की बात हैं । थोड़ दिन बाद ही हम पांचवीं पंचवर्षीय योजना में प्रवेश करने वाले हैं और यह बजट उसका पहला चरण है । अगर इस बजट के कामों को हम पूरी दिलचस्पी के साथ, पूरे उत्साह और सच्चाई और ईमानदारी के साथ करें तो इसका नतीजा आगे जो इस पंचवर्षीय योजना के चार बजट आने वाले हैं उनमें हम पायगे और उनको भी हम ठीक कर सकगे ? जो काम शुरू में अच्छा होता है वह काम अन्त में भी अच्छा होता है ।

इसलिये यह जो बजट है, वह पंचायती पंचवर्षीय योजना का पहला बजट है, उस की हम शुरूआत करने वाले हैं ।

बजट हर साल आते रहे हैं और आते रहेंगे । अब तक हम तीन पंचवर्षीय योजनायें चला चुके है चौथी चला रहे हैं और थोड़े दिन में समाप्त होने वाली है और अब तक कई इस तरह के बजट हम ने पास किये हैं और काम कर चुके हैं । और उन से देश का काम बहुत आगे बढ़ा है। हमारा देश काफी विकास किया है तरक्की किया है और तरक्की करने वाला है । जो इस बजट में काम निर्धारित किये गये हैं, इन में खास कर जो खेती के काम है जिसको आज तक हम ठीक से नही कर सके थे जिस से देश में गरीबी छाई हुई है , उसे हम दूर नहीं कर सके हैं ।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा है कि इस बजट के जरिये हम कृषि में ज्यादा धन देंगे, बिजली अधिक से अधिक पैदा करेंगे और खाद अधिक से अधिक पैदा करेंगे । ये तीन चीजें पूरी हुई तो कृषि का काम होगा और देश के लिये अनाज भरपूर पैदा होगा और गरीबी जो हम हटाना चाहते हैं उसको हम हटा सकते हैं इसलिये यह बजट बहुत महत्वपूर्ण है और देश के लोगों को पूरे उत्साह के साथ इस बजट के कामों को एक जुट हो कर करना है ।

अब मैं इस बजट के सिलसिले में कुछ सिफारिशों की ओर आप के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं इस बजट में पिछड़े क्षेत्रों के विकास की बात है और पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने की बात है । देश में कई भाग बहुत ही पिछड़े रह गये हैं; लेकिन उन क्षेत्रों में देश के सब से अधिक धन है । उदाहरण के लिये मध्य प्रदेश, उड़ीसा और बिहार देखिये, उन में लोहा, कोयला, अभ्रक, चूने और यहां तक कि जिससे ऐटम बम बनाया जा सकता है वह यूरेनियम भी उन क्षेत्रों में भरपूर पाया जाता है और उन्हीं क्षेत्रों में बड़े बड़े कारखाने चल रहे हैं । भिलाई चल रही है, दुर्गापुर चल रहा है, जमशेदपुर, रांची, दुर्गापुर, बोकारो है और उन्हीं क्षेत्रों में कोयला है । इन कारखानों में हजारों लोग काम करते हैं । जनको हम को खिलाना पड़ता है । वह देश के लिये लोहा तैयार करते हैं, तमाम सामान तैयार करते है जो देश के काम में आते हैं । लेकिन

ऐसे क्षेत्रों में वहां के गावों में खास कर आदिवासी जो रहते हैं, पिछड़े हुए लोग रहते हैं उन की हालत जैसे पहले थी, वैसी ही आज भी है। उन के जीवन में खास परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन चूंकि उन कारखानों में काम करने वाले लोग पैसा कमाते हैं और उन्हें चीजें आज कल मंहगी मिलती है। उस का असर गांवों में रहने वाले लोगों पर पड़ता है। वहां काम करने वाले तो मंहगी चीज खरीद लेते हैं लेकिन गांव के रहने वाले लोगों की आमदनी का खास साधन नहीं है। थोड़ी सी खेती है और खेती चूंकि हम विकसित नहीं कर सके हैं, इसलिए, खेती से उन को इतनी रकम नहीं मिलती है जिस से कि इस जमाने में जो चीज़ें मंहगी हैं उन चीजों को वे आसानी से खरीद सकें। इसलिये जैसे जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, गरीब और पिछड़े हुए क्षेत्र के लोगों की हालत और बदतर होती जा रही है। इसलिये सरकार खास कर ऐसे क्षेत्र के विकास करने की बात जो सोच रही है, यह बहुत अच्छा है और सरकार को इस की ओर ध्यान देना चाहिए।

दूसरी चीज मैं कहना चाहता हूं क्योंकि मैं ऐसे क्षेत्र से आता हूं जिस क्षेत्र में आदिवासी लोग रहते हैं। मैं खुद भी आदिवासी हूं। एक ओर तो हम आगे बढ़ रहे हैं दूसरी ओर आदिवासियों के काम में ढ़ील आती जा रही है। उन की तरफ जितना ध्यान दिया जाना चाहिए उतना ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन की खेती की तरफ, गांवों में बिजली पहुंचाने की तरफ और शिक्षा के काम में जितनी तेजी से कार्य होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। मैं चाहता हूं कि सरकार को उस तरफ ध्यान देना चाहिए हम तो कहेंगे कि जिन आदिवासियों के पास जमीन नहीं है उन को जमीन देनी चाहिए। जिन आदिवासियों के पास जमीन है और खेती करना चाहते हैं उन को मदद देनी चाहिए और उन को शिक्षा देने की सुविधा अगर आप दे देते हैं तो मैं समझता हूं उन के लिए कोई और दूसरा काम करने की जरूरत नहीं है। उन को खेती करना सिखा दीजिए, उनके खेतों में पानी पहुंचा दीजिए, उन को शिक्षा दे दीजिए तब उन को छोड़ दीजिए। वे अपने आप आगे बढ़ेंगे। उन के लिए कुछ और सोचने की जरूरत नहीं है।

अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि 1967 में एक कमेटी बनी थी जो कमेटी सारे देश में घूमी। 1950 में जो आदिवासी लिस्ट बनी थी उस में कुछ लोग छूट गये थे आदिवासियों को जो सुविधाएं मिल रही हैं वे उन सुविधाओं से वंचित रह रहे हैं। जो यह कमेटी बनी थी इसमें भी उन आदिवासि हरिजनों को शामिल करने का सुझाव दिया है लेकिन वह सुझाव आज तक ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है। अभी तक वे लोग उन सुविधाओं से वंचित हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार जल्दी से जल्दी कमेटी ने जो सुझाव दिया है कि उन को आदिवासी लिस्ट में शामिल किया जाए जिस से वे भी उन सुविधाओं का लाभ उठा सकें, कदम उठाए। क्योंकि आदिवासी और हरिजनों को सुविधा देने की जो बात है वह तो एक निश्चित अवधि तक है। वह हमेशा के लिए नहीं है। अगर उन को हम छोड़ देते हैं तो हमेशा के लिए वे सुविधाओं से वंचित रह जायेंगे। हमेशा के लिए वे देश में पिछड़े रह जायेंगे।

अब तक जो होता आया है वह यह है कि आदिवासी और हरिजनों के लिए एक क्षेत्र निश्चित है। एक निश्चित क्षेत्र के अन्दर रहने वाला हरिजन या आदिवासी उस क्षेत्र से बाहर अगर कोई निकल जाता है तो वह आदिवासी नहीं कहलाएगा। उस को हरिजन आदिवासी को मिलने वाली कोई भी सुविधा नहीं मिलेगी। वह उन सब सुविधाओं से वंचित रह जाएगा। हमारे यहां बिहार में, उड़ीसा में या मध्य प्रदेश में रहने वाले बहुत से लोग असम में चले गए हैं। उस समय यह हुआ कि असम जंगलों से भरा हुआ था। अंग्रेजी शासन में उन जंगलों को काट कर चाय बागान बनाने के

[श्री भइया राम मुण्डा]

लिए इन आदिवासियों को लेजाया गया एक हजार की संख्या में आसाम में उन लोगों को बसाया गया लेकिन उन को अब आदिवासी नहीं माना जा रहा है। उन सब को आदिवासियों को मिलने वाली सुविधा नहीं मिल रही है।

अभी हाल में शैडयूल कास्ट्स शैडयूल ट्राइब की एक कमेटी ने अंडेमान और निकोबार द्वीप का दौरा किया था मैं भी उस कमेटी का सदस्य हूं। जनवरी में हम लोगों ने दौरा किया था। अंडमान और निकोबार का जो नक्शा हम देखते हैं उस से हमें बहुत कम द्वीप दिखाई देते हैं लेकिन वहां 300 द्वीप हैं व जंगल से भरे हैं। उन द्वीपों में हमारे यहां के आदिवासी उड़ीसा के आदिवासी, मध्य प्रदेश के आदिवासी 20–25 वर्षों से काम कर रहे हैं। अंग्रेजी शासन में वे वहां जंगलों को साफ करने के लिए, सड़कों को बनाने के लिए, मकानों को बनाने के लिए, हवाई अड्डे बनाने के लिये मजदूरों के रूप में उन को ले जाया गया। वे गरीब लोग हैं। उन से मेरी भेंट हुई थी। उन का कहना है कि हम 20–25 वर्षों से रह रहे हैं। हम जहां से आए हैं वहां पर हमारे पास कोई जमीन नहीं है। हम यहां बस रहे हैं तो हमें जमीन मिलनी चाहिए। जो लोग खेती करना चाहते हैं उनको जमीन नहीं दी गई है और जो खेती नहीं करते उन को जमीन दी गई है। वे क्या करते हैं कि दूसरों से खेती कराते हैं जिस के पास जमीन नहीं है जिन को जमीन दी गई है वे रिफ्यूजी लोग हैं। ठीक है मैं भी मानता हूं उन को जमीन मिलनी चाहिए लेकिन जो खेती नहीं करते उन से जमीन ले कर दूसरों को देनी चाहिए। हमारे बिहार से, मध्य प्रदेश से, बंगाल से जो लोग आये हैं वे लोग खेती करना चाहते हैं उन को आप जमीन दीजिए। मैं सरकार से फिर निवेदन करूंगा कि ऐसे लोगों को जरूर जमीन मिलनी चाहिए : मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आदिवासी लोग जो शिक्षा लेना चाहते हैं उन को शिक्षा दीजिये। जो लोग घोर जंगलों में रहते हैं, पहाड़ों में रहते हैं, आज तक उन की शिक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। और जहां व्यवस्था हुई भी है तो वहां स्कूल ठीक से चल नहीं पा रहे हैं। हमारे क्षेत्र में बहुत से कालेज बड़ी मुश्किल से चलाये गये हैं ये कालेज एक क्षेत्र की यूनिवर्सिटी से एफिलिएटड भी हैं, लेकिन हमारी यह कोशिश रही है कि इन कालेजों को यूनिवर्सिटी का कांस्टिट्यूएन्ट कालेज बनाया जाए ताकि इन कालेजों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मिल सके। लेकिन हमारी यह कोशिश अभी फलीभूत नहीं हुई है। मेरा यह निवेदन है कि ऐसे आदिवासी क्षेत्रों में खास तौर से शैड्यूल्ड एरिया में जहां पर इस प्रकार के कालेज चलाये गये हैं उन की ओर सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए और उन को अधिक से अधिक सहायता पहुंचानी चाहिए।

दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि आज आदिवासी और हरिजन छात्रों को पढ़ाई लिखाई के लिये सरकार ने करोड़ों रुपये छात्रवृत्ति के रूप में देने की व्यवस्था की है। लेकिन छात्रवृत्ति का पैसा समय पर नहीं मिलता है। हमारे बिहार के अन्दर सिन्दरी में एक इंजीनियरिंग कालेज है जहां पर सभी आदिवासी और हरिजन लड़के पढ़ते हैं और दूसरी स्टेटों के लड़के भी पढ़ते हैं, लेकिन यह दुख की बात है कि वहां पर एक वर्ष से छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली है। पिछले वर्ष फरवरी के महीने से छात्रवृत्ति नहीं दी गई है अगर इस प्रकार से व्यवस्था चलेगी तो छात्रों को पढ़ने में प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और लोगों को तकलीफ भी हो रही है मेरा कहना यह है कि अगर सरकार छात्रवृत्ति का इंतजाम कर रही है तो उस का समय पर वितरण की व्यवस्था भी करे।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आदिवासी अधिकतर जंगलों में रहते हैं। उन के पास बहुत सीमित साधन होते हैं। हमारे क्षेत्र में बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, आसाम और बंगाल में एक लाह नामक

पदार्थ पैदा किया जाता है। इस लाह से चपड़ा बनता है और इस का बहुत बड़ी मात्रा में फारन कंट्रीज को एक्सपोर्ट किया जाता है। इस से सरकार को फारेन एक्सचेंज मिलता है। इस चपड़े की हमारे देश में सिर्फ 20 प्रतिशत खपत होती है। बाकी सब विदेशों को भेज दिया जाता है। लेकिन पिछले साल मई महीने में सरकार ने इस की मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस फिक्स कर दी है। इस का नतीजा यह हुआ है कि उस समय आदिवासियों को कच्चे लाह का दाम 15–16 रु० प्रति किलो मिल रहा था लेकिन अब कच्चे लाह का दाम 2 या 2.50 रु० किलो उन्हें मिल रहा है करीब चार पांच लाख आदिवासियों की जीविका इस पर चल रही है इस प्रकार इस काम में गड़बड़ी आ गई है। अगर सरकार ने इस तरह शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो इस से उन को बहुत कष्ट होगा। इसलिये मेरा निवेदन यह है कि सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। चपड़ा बनाने की जो इंडस्ट्री है इस की ठीक से व्यवस्था होनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि इस संबंध में एक्सपोर्ट की जो व्यवस्था है उस को सरकार अपने हाथ में ले ले ताकि जो प्राईवेट एक्सपोर्टर्स हैं उन की मनमानी इस काम में न चले और लाह के काम में जो ऊंच नीच अक्सर हो जाती है वह न हो सके। इन शब्दों के साथ मैं माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट यहां पर पेश किया है उस का दिल खोल कर समर्थन करता हूं।

STATEMENT BY MINISTER RE INCIDENT IN THE ALLAHABAD HIGH COURT—contd.

SHRI OM MEHTA: As you remember, Sir, I just made a statement about this incident which took place in the Allahabad High Court premises. There has been a slight discrepancy and I would like to correct it before the House adjourns. I said, Sir, that "on being found in possession of a country-made pistol and three catri-dges. It is stated that the pistol was unloaded." Actually on further information that we are getting every minute from U.P., it has been found that it was loaded with one cartridge and two other cartridges were found on his person. So, this was the discrepancy and I thought that I must correct it.

श्री गुमानन्द ठाकुर : श्रीमान्, मैं यह जानना चाहता हूं कि यह व्यक्ति किस दल से संबंधित है? क्या आप ने इसका पता लगाया है।

श्री ओम मेहता : इस का अभी पता नहीं चला है। अगर इस का पता चल जाएगा तो हाउस को बता दिया जाएगा।

MESSAGES FROM LOK SABHA

I. The Trust Laws (Amendment) Bill. 1975.

II. The Central and Other Socie- ties (Regulation) Bill, 1974.

IU. The North Eastern Areas (Re organisation) Amendment Bill, 1975.

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:

I

"In accordance with the provisi-sions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. I am directed to enclose herewith the Trust Laws (Amendment) Bill, 1975, as passed by Lok at its sitting held on the 17th March, 1975."

Sir, I lay the Bill on the Table.